



## खबर संक्षेप

### 72 वर्षीय धावक अशोक ने जीता रजत

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला निवासी 72 वर्षीय धावक अशोक कुमार बिश्वाल ने अपनी लगन और अदम्य जज़्बे से 23वीं एशियन मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग की दौड़ में सिल्वर रजत पदक जीतकर भारत का परचम लहराया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने न केवल राउरकेला शहर बल्कि पूरे ओडिशा का मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर शहरवासियों और खेलप्रेमियों में अपार हर्ष है। अशोक कुमार बिश्वाल जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि ऐसे अनुभवी खिलाड़ियों को अधिक प्रोत्साहन और सहयोग दिया जाए, ताकि वे भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। अशोक कुमार बिश्वाल की यह उपलब्धि साबित करती है कि उम्र कभी भी जुनून और मेहनत के आगे बाधा नहीं बनती।

### हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**कोसीर।** घटना 29 अक्टूबर की है। आरोपी करमलाल माली पिता पितरू माली 46 ग्राम जशपुर कछार थाना कोसीर द्वारा अपनी मां बहातिन बाई 80 के साथ जमीन विवाद को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी ने अपनी मां को जहर पीला दिया और साक्ष्य छुपाने के लिए डिब्बा छुपा दिया। जहर पिलाने के बाद उसे इलाज के लिए डभरा सरकारी अस्पताल में भर्ती किया। जहां इलाज के दौरान बहातिन माली की मृत्यु हो गई। मृतिका द्वारा मरने से पहले अपने कथन में बताया कि उसका लड़का करमलाल माली के द्वारा जमीन विवाद के नाम पर मारपीट कर जबरदस्ती जहर पिलाया है। कोसीर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। अपराध धारा का घटित होना पाए जाने के बाद आरोपी के विरूद्ध बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचनाक्रम में आरोपी करमलाल माली के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया जिसे 06 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### अंडर 14 क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में पहुंचा रायगढ़

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा भिलाई में करवाए जा रहे अंडर 14 क्रिकेट प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता में रायगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग को 75 रनों से हराकर फाईनल में प्रवेश कर लिया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ ने 10 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जिसमें अनमोल भारती ने शानदार नाबाद 71 रन बनाकर बड़ी भूमिका निभाई। साथ में शौर्य पांडेय ने 28 रन बनाये वहीं जवाब में दुर्ग ने बैटिंग करते हुए हित देवांगन की 50 रन की बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला किया। लेकिन बाकी सभी बल्लेबाज लगातार आउट होते गए। अंत में रायगढ़ ने 75 रनों से मुकाबला जीत लिया।

## धुएं से परेशान होती थीं समूह की महिलाएं और बच्चे, सेहत पर भी असर

# अब स्कूल के किचन से नहीं निकलेगा धुआं, एलपीजी से बनेगा एमडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सबकुछ ठीक रहा तो कुछ दिनों बाद स्कूलों में एमडीएम बनाने के लिए लकड़ी का उपयोग पूरी तरह से बंद हो जाएगा। वजह अब स्कूलों में

■ अब तक 99 फीसदी स्कूलों में लकड़ी से ही बन रहा था खाना

एलपीजी का उपयोग बढ़ाने की योजना तैयार हो रही है। ऐसा नहीं है कि यह योजना पहले लागू नहीं था, लेकिन महंगाई की वजह से इसका उपयोग कोई करता नहीं था। अब सरकार इसे जरुरी करने जा रही है। ऐसे में अब स्कूलों में लकड़ी के बजाए गैस चूल्हे से खाना बनेगी। अभी 99फीसदी स्कूलों में लकड़ी से खाना बन रहा है। इससे समूहों के महिलाओं के सेहत पर असर पड़ रहा है। साथ ही स्कूल के बच्चे भी धुएं से परेशान होते हैं। मिडिल और प्राइमरी स्कूल के बच्चों को एमडीएम (मध्यांह भोजन) दी जाती है। एमडीएम बनाने का काम महिला समूहों को दी गई है। दूसरी ओर खाना बनाने के लिए सभी स्कूलों में किचन भी बनाया गया है। हालांकि किचन स्कूल के अंदर ही बना है। ऐसे में खाना बनाने के दौरान धुंए से बच्चे परेशान होते हैं और इसका असर महिलाओं के सेहत पर भी पड़ता है। अब बच्चों और समूह की महिलाओं को धुएं से छुटकारा मिल सकता है। याने एमडीएम बनाने में अब गैस सिलेंडर का उपयोग बढ़ाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस एजेंडे पर दो दिन पहले हुई शिक्षा विभाग की वीसी के दौरान चर्चा भी हुई है। ऐसे में अब एमडीएम बनाने के लिए गैस चूल्हा का उपयोग होने की बात कही जा रही है।



### एक लाख से अधिक बच्चे करते हैं मध्यांह भोजन

जिले में 1428 प्राइमरी और 638 मिडिल स्कूल संचारलित है। इन स्कूलों में एक लाख से अधिक बच्चे एमडीएम करते हैं। जानकारी के अनुसार 60 हजार से अधिक बच्चे प्राइमरी और करीब 40 हजार बच्चे मिडिल में हैं। दोनों स्कूल के बच्चों को एमडीएम मिलता है।

### रिफलिंग नहीं कराते

पूर्व में कुछ स्कूलों में एलपीजी की सप्लाई की गई थी। एक सिलेंडर खत्म होने तक तो इसका उपयोग करते हैं, लेकिन खत्म होने के बाद रिफलिंग नहीं कराते हैं। कारण सिलेंडर की महंगाई को बताई जाती है। चूंकि महिला समूहों को प्रति बच्चे के मान से कुछ राशि मिलती है। उसी से लकड़ी और तेल मसाले की व्यवस्था करना होता है। राशि इतनी कम होती है कि रिफलिंग कराने के लिए पैसा ही नहीं बचता । ऐसे में यह समस्या अभी भी आएगी।

# शिक्षक के घर चोरों का धावा नकदी समेत गहने पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के गुलमोहर कॉलोनी में रहने वाली शिक्षिका के घर में चोरों ने धावा बोलकर नगदी और सोने-चांदी के गहने ले भागे। इस घटना में 12 लाख से अधिक के नकदी और जेवर चोरी होने की बात सामने आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुलमोहर कॉलोनी निवासी प्रमिला शर्मा पति विजय शर्मा 58 शिक्षक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने अपना पुराना मकान बेचा था। उसी से मिली राशि में से 4 लाख नकद, सोने के 4 सिक्के, दो तोला सोने का हार घर की अलमारी में रखा था। बताया गया कि 22 अक्टूबर को प्रमिला शर्मा ने अलमारी की जांच की थी, उस वक्त सभी सामान सुरक्षित था। बीते रविवार की रात जब उन्होंने अलमारी खोली तो उसमें रखा नगद और जेवरात गायब थे। अपने स्तर पर काफी खोजबीन की मगर कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद चक्रधरनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। चक्रधरनगर पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 ए एवं 331, 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से सुराग तलाश कर रही है।



■ चक्रधर नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरु की जांच

# घर के आने-जाने का रास्ता कर दिया बंद, धरने पर बैठा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार को एक परिवार गांधी प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गया था। उनका कहना था कि गांव के सरपंच व पंच ने मिल कर उनके घर के आने-जाने का रास्ता बंद करते हुए वहां पर सामुदायिक भवन का निर्माण करा दिया है। पूर्व में भी गई बार इसकी शिकायत एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कार्रवई नहीं हुई। ऐसे में पूरा परिवार मजबूर होकर धरने पर बैठ गया है। सूचना मिली तो एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। इसके बाद परिवार घर लौटा। पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भातपुर के आश्रित ग्राम साल्हेपाली निवासी के परिवार के मकान के सामने शौचालय व नाली बनाई गई थी। सरपंच व पंच सहित गांव अन्य लोगों ने मिल कर मुख्य द्वार और शौचालय का रास्ता बंद करते हुए सामुदायिक भवन का निर्माण करा दिया। ऐसे में उन्हे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में कई बार उनके द्वारा एसडीएम, तहसीलदार के साथ ही कलेक्टर को भी आवेदन देकर समस्या के निराकरण की मांग की जा चुकी थी। तहसील से मौका मुआयना कर पंचनामा भी तैयार किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में शुक्रवार को पूरा परिवार एसपी कार्यालय के पास स्थित गांधी प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गया। इसकी जानकारी मिली तो एसडीएम महेश शर्मा वहां पहुंचे और मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। एसडीएम की समझाईश के बाद बैरागी परिवार ने धरना समाप्त कर दिया।



**खास बात**

■ एसडीएम ने जांच का दिया आश्वासन, घर लौटा परिवार

### छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस ने महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपी को तत्परता से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। मामला थाना घरघोड़ा क्षेत्र का है, जहां पीड़ित महिला ने 7 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सुबह लगभग 10.30 बजे अपने पति के साथ पड़ोसी के घर गई थी।

इस दौरान वहां मौजूद शंकर राम गुप्ता ने सभी के सामने अशोभनीय बातें कहकर उसके साथ छेड़खानी की। आरोपी की हरकत पर पड़ोसी ने उसे फटकार लगाते हुए मौके से भगा दिया। महिला की शिकायत पर घरघोड़ा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने कृत्य को स्वीकार किया। आरोपी की पहचान शंकर राम गुप्ता उर्फ लल्लू पिता स्व. मुनकुराम गुप्ताए उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम चारमार थाना घरघोड़ा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू, सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेल, आरक्षक दिनेश सिदार, प्रदीप तिग्गा और दीप रोशन एक्का की सराहनीय भूमिका रही।



### कम्पयूटर ऑपरेटर का तबादला रोकने की मांग

**सरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पहली बार सेवा सहकारी समितियां में पदस्थ कम्पयूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण किए जाने से सरिया क्षेत्र के किसानों ने सरिया समिति में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर की स्थानांतरण रोके जाने की मांग कलेक्टर को ज्ञापन देकर किया है। सरिया क्षेत्र के किसानों ने बुधवार को रैली निकालकर सेवा सहकारी समिति सरिया में सदस्य कंप्यूटर ऑपरेटर के स्थानांतरण रोकने की मांग करते हुए तहसीलदार सरिया कोमल साहू को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। आंचलिक किसान संघ सरिया ने कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सेवा सहकारी समिति सरिया तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़ के निवासी हैं।

# रेत घाटों के लिए साढ़े 8 सौ आवेदन, दस्तावेज जांच में हो गई रात, केवल दो की नीलामी

**बिलासपुर के ठेकेदारों को मिले दो रेत घाट, बाकी की प्रक्रिया होगी सोमवार को**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पहले चरण में की गई पांच रेत घाटों की नीलामी में साढ़े 8 सौ आवेदन आया था। खास बात यह है कि इसमे एक ही रेत घाट के लिए 510लोगों ने आवेदन लगाया है। दूसरी ओर आवेदनों की संख्या ज्यादा होने से दस्तावेज जांच करने में रात हो गई। इसके कारण केवल दो घाट की ही नीलामी हो पाई। दोनों रेत घाट बिलासपुर के दो ठेकेदार को मिला है। बाकी तीन रेत घाट की नीलामी की प्रक्रिया सोमवार को की जाएगी। शुक्रवार को रायगढ़ के पांच रेतघाटों की टेक्निकल बिड खोली गई। पहले चरण में पांच रेतघाटों को रखा गया था। हैरानी की बात यह है कि रायगढ़ के पांच खदानों के लिए 846 आवेदन आ गए। सिर्फ लेबड़ा के लिए 510 लोगों ने आवेदन डाले हैं। देर रात तक आवेदनों का परीक्षण और नीलामी प्रक्रिया चलती रही। अंत में बायसी और बरभौना की ही लॉटरी निकाली जा सकी। दोनों ही घाट बिलासपुर की दो पार्टियों को मिले हैं।

रेत की किल्लत अब कुछ महीनों में खत्म होने की उम्मीद है। इस बार छग सरकार ने नई रेतनीति के तहत खदानों का आवंटन करने का फैसला किया। एमएसटीसी पोर्टल के जरिए हो रही नीलामी की जा रही है। पहले चरण में रायगढ़ जिले से बरभौना खरसिया, बायसी, धरमजयगढ़, कंचनपुर, घरघोड़ा, लेबड़ा, रायगढ़ और पुसल्दा छाल को इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के लिए प्रस्तुत किया गया था। गुरुवार शाम तक बिड डाली जानी थी। शुक्रवार को खनिज विभाग ने सभी आवेदनों के साथ संलग्न दस्तावेजों का सत्यापन प्रारंभ किया। खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी और अनिल साहू अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। देर रात को दो घाटों की नीलामी हो सकी। न्यूनतम बोलीदार को खदान का आवंटन होना है। लेकिन जो फार्मूला इसमें लगाया गया है, उसके हिसाब से ठेकेदार एक ही रेट डालेंगे। एक से अधिक बोलीदारों के एकसमान रेट डालने पर लॉटरी के जरिए ही निर्णय किया गया। पांच रेतघाटों के लिए 846 आवेदन आ गए। इसमें भी केवल लेबड़ा घाट के लिए 510 लोगों ने आवेदन किया है। सबके दस्तावेज वेरीफिकेशन में खनिज विभाग का पसीना निकल गया। देर रात तक सत्यापन ही नहीं हो पाया था। केवल छग के मूल निवासी को ही नीलामी में भाग लेने की अनुमति है। देर रात तक कसरत होती रही। समय अधिक लगने के कारण केवल दो ही रेत खदानों की नीलामी हो सकी है। बरभौना रेतघाट सिद्धार्थ पांडेय निवासी इंदिरा विहार कॉलोनी, सरकंडा, लिंगियाडीह बिलासपुर को मिला है। वहीं बायसी घाट में सफल बोलीदार दुर्गेश सिंह निवासी सरकंडा, चौबे कॉलोनी, बांधवापारा बिलासपुर को घोषित किया गया है।



### रेतघाट के लिए भी बन गया सिंडीकेट

रेतघाट हासिल करने के लिए ठेकेदारों ने सिंडीकेट बनाकर आवेदन किए। अपने परिचितों के नाम से पंजीयन करवाकर बोलियां डाली गईं। रायगढ़ जिले में बरभौना और बायसी रेतघाट बिलासपुर की पार्टियों को मिला है। बरभौना में 181 आवेदन आए थे जिसमें से 174 पात्र मिले। सभी की बोलियां समान थी। इसी तरह बायसी में भी बोलियां एकसमान होने के कारण लॉटरी निकाली गई। सूत्रों के मुताबिक नाम बिलासपुर के लोगों के हैं लेकिन इसमें भी रायगढ़ के ठेकेदार शामिल हैं।

### खनिज विभाग को मिला 84 लाख राजस्व

खदान के लिए आवेदन करने में ठेकेदारों को पूंजी लगानी पड़ रही है। किसी ने पांचों घाटों के लिए बोली लगाई होगी तो उसके पास करीब 15 लाख रुपए होने चाहिए। करीब डेढ़ से दो लाख रुपए अमानत राशि के रूप में जमा रहेगी जो खदान नहीं मिलने पर रिफंडेबल है। इसके अलावा 10 हजार रुपए आवेदन शुल्क है जो खनिज विभाग को मिलेगा। इस हिसाब से रायगढ़ जिले में खनिज विभाग को पांचों रेतघाटों से 84.60 लाख रुपए की आय केवल आवेदन शुल्क से हो चुकी है। इसके अलावा एमएसटीसी पोर्टल में पंजीयन फीस 1150 रुपए प्रति आईडी है। मतलब एमएसटीसी को 9.73 लाख रुपए मिल गए। डीएसी बनाने के लिए अलग से व्यय करना पड़ा। बोलीदार को मूल निवासी प्रमाण पत्र के अलावा पैन कार्ड, आधार कार्ड, एफिडेविट, फर्म होने पर पावर ऑफ अटॉर्नी आदि देना होगा।


| रेतघाट | आवेदन |
|---|---|
| बरभौना | 181 |
| बायसी | 28 |
| कंचनपुर | 98 |
| लेबड़ा | 510 |
| पुसल्दा | 29 |
| कुल | 846 |

### साइबर सेफ्टी रथ कर रहा लोगों को जागरुक

**बीरमित्रपुर।** साइबर अपराधों से लोगों को जागरूक करने और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के उद्देश्य से गुरुवार को साइबर सेफ्टी रथ ने कुआरमुंडा और बीरमित्रपुर में जनजागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर कुआरमुंडा में जिला परिषद सदस्य राजेंद्र कुजूर, सरपंच राजेश हांसदा, एसडीपीओ सुशांत दास और आईआईसी राम प्रसाद नाग ने गाजे बाजे के साथ रथ का स्वागत किया।


MARK OF EXCELLENCE

अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान




• अल्जाइमर रोग • पार्किंसन्स • शरीर में कम्पन
• माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना) • नसों की दिक्कत • मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
• साईटिका • सिर दर्द • मायस्थेनिया ग्रेविस
• पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक) • स्पाइनल कॉर्ड • मानसिक बीमारी (ब्रेइन्फेक्शन)
• मिरगी रोग • माँसपेशियों की कमज़ोरी • मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)

• EEG • EMG • NCV की सुविधा

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS


**तहसीलदार ने दी दबिश, मंडी निरीक्षक के साथ संयुक्त रुप से की गई कार्रवाई**

# हाटी के व्यापारी से 9 सौ बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार को छाल तहसीलदार ने हाटी के व्यापारी प्रहलाद अग्रवाल के गोदाम में दबिश देकर 3 सौ बोरी अवैध धान जब्त किया है। इसी दौरान वाहन में लोड 6 सो बोरी धान को पकड़ा गया है।

यह कार्रवाई तहसीलदार और मंडी निरीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से की गई है। इस कार्रवाई के बाद कोचिया और अवैध धान खपाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। दूसरी ओर अवैध धान पकड़ने के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, फ्लाइंग स्क्वॉड और कंट्रोल टीम सक्रिय हो गया है। जिले में बनाए गए 10 अंतरराज्यीय एवं 15 आंतरिक चेकपोस्ट से अवैध धान आवक की निगरानी की जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को छाल तहसीलदार लोमस मिरी हाटी में की दबिश दी। इस दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 07 एडी 9011 में लोड 600 बोरी और गोदाम में रखे 300 बोरी अवैध धान जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया है। मौके पर मंडी निरीक्षक को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस उद्देश्य से कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है जो 24 घंटे सक्रिय है। साथ ही जिला स्तरीय कंट्रोल टीम का गठन किया गया है, जो अवैध गतिविधियों से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कर रही है। प्रत्येक तहसील में फ्लाइंग स्क्वॉड एवं कंट्रोल टीम गठित की गई हैं। वहीं सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए 10 अंतरराज्यीय एवं 15 आंतरिक चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां संबंधित अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

**खास बात**

■ 10 अंतरराज्यीय एवं 15 आंतरिक चेकपोस्ट से हो रही निगरानी





## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी तलईपल्ली परियोजना में मनाया गया 51वां स्थापना दिवस



**घरघोड़ा।** तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखिलेश सिंह, प्रमुख परियोजना, एनटीपीसी तलईपल्ली द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहरा कर किया गया। इसके बाद एनटीपीसी गीत का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्ष तिलोत्तमा महिला समिति तथा समिति की अन्य सदस्याओं की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, प्रमुख परियोजना ने अपने संबोधन में एनटीपीसी की 51 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों से समर्पण, निष्ठा और नवाचार के साथ संगठन के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। अखिलेश सिंह द्वारा केक काटकर समारोह का समापन किया गया।

### उर्दू यूपी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बिखेरा हुनर



**राउरकेला।** सरकारी उर्दू यूपी स्कूल प्लांट साइट में आयोजित स्कूल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 2025 में नन्हे वैज्ञानिकों ने अपने नवाचारों और रचनात्मक प्रयोगों से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विज्ञान आधारित मॉडलों के माध्यम से अपनी कल्पनाशक्ति और ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी के चेयरपर्सन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अल्ताफ शकील और शिक्षक मोहम्मद तसलीम ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। शिक्षकों फिरोजुद्दीन खान, रुकसाना खातून, रोशन आरा, मेहताब आलम, पूर्णिमा प्रजापति, सुनीता बारिक, अलका दास, इश्तियाक खान और सुल्ताना परवीन ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी आने वाली पीढ़ी के विज्ञान प्रेम और नवाचार भावना का प्रतीक है।

### जनपद में किया गया सामूहिक गायन का आयोजन



**पुसौर।** भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वें वर्ष पूर्ण होने पर 7 से 14 नवंबर और जनवरी और अगस्त के पुनः नवम्बर के पहले सप्ताह तक, कुल 4 चरणों में सामूहिक गायन का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत कार्यालय पुसौर में अध्यक्ष हेमलता चौहान और सीईओ विवेक गोस्वामी ने अपने कर्मचारियों के साथ सस्वर गायन में हिस्सा लिया वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए भाषण को भी सुना। नगर पंचायत में सीएमओ साहा और उपाध्यक्ष उमेश साव ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आईटीआई प्रिंसिपल और छात्रों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। अभिनव विद्यामंदिर के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी ने बच्चों के साथ गीत गाया। तहसील, कृषि कार्यालय, आईसीडीएस समेत कई संस्थानों में भी आयोजन हुआ। वहीं कागजी खानापूर्ति में भी कई संस्था प्रमुखों ने मोबाइल मैसेज भेजकर जिम्मेदारी निभाई और आनन फानन में वीडियो साझा किए जिसमें राष्ट्रीय भावना गायब रहा। कई अधिकारियों ने इसे बाद में आयोजन करेंगे बोल कर पल्ला झाड़ लिया। जबकि शासन का आदेश है कि बंकिम चंद्र चटर्जी की रचना वंदे मातरम को सभी सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में भावपूर्ण तरीके से गाया जाना अनिवार्य है ताकि देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिले।

### सराहा गया शिक्षक त्रिनाथ का मॉडल

# राज्योत्सव में आकर्षण का केंद्र रहा स्पंज आयरन प्लांट का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरिया

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम सारंगढ़ में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इनमें शिक्षा विभाग के स्टॉल में शासकीय प्राथमिक शाला कसहीपाली के शिक्षक त्रिनाथ राणा द्वारा निर्मित स्पंज आयरन प्लांट के रोटरी किलन का मॉडल लोगों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा। मॉडल की विशेषता यह थी कि यह स्टेनलेस स्टील से बना था, आठ फुट लंबा और ढाई फुट ऊँचा था। साथ ही यह एक चलित मॉडल था। जिसमें रोटरी किलन, कूलर, कन्वेयर बेल्ट आदि चलित अवस्था में लोगों को आकर्षित कर रहे थे।

सहायक शिक्षक त्रिनाथ राणा ने यह मॉडल स्वयं अपने हाथों से बनाया था। इसके लिए शिक्षक ने विभिन्न स्टील प्लांट का भ्रमण व अध्ययन किया। तत्पश्चात अपने घर में इसे




निर्मित किया। ज्ञात है कि कक्षा पांचवी के पर्यावरण अध्ययन विषय में एक पाठ है लोहा कैसे बनता है इस पाठ का रोचक अध्यापन करने में यह मॉडल अत्यंत उपयोगी है। क्योंकि लोहा कैसे बनता है। इसकी अधिक जानकारी आम लोगों को मालूम भी नहीं है। इसके अलावा फैक्ट्री में बच्चों या आम लोगों को भ्रमण की अनुमति नहीं है। व सुरक्षित भी नहीं है। अतः यह मॉडल इस पाठ के अध्यापन में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होता है। यह प्रदर्शनी में एक नवीन व रोचक विषय रहा। इस मॉडल के अतिरिक्त विविध प्रकार के 20 से अधिक चट्टानों और अयस्कों का संग्रह भी प्रदर्शित किया गया। जिन्हें शिक्षक द्वारा छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विविध स्थानों से संग्रहित किया गया है।

### ग्रेफाइट, पैग्माटाइट, बॉक्साइट जैसे खनिज ने किया आकर्षित

छत्तीसगढ़ के सिरपुर में उत्खनन से प्राप्त मिट्टी की वस्तुओं के प्रतिरूपों का भी प्रदर्शन किया गया। जिन्हें शिक्षक त्रिनाथ राणा ने पुरातत्ववेत्ता अरुण कुमार शर्मा के पुस्तक सिरपुर में उत्खनन अंग्रेजी पुस्तक के गहन अध्ययन के उपरांत निर्मित किया है। इन विविध वस्तुओं से सुसज्जित शिक्षा विभाग का स्टाल प्रारंभ से पूर्णता तक लोगों को आकर्षित करता रहा।



# सारंडा में पुलिस नक्सली मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**राउरकेला।** ओडिशा झारखंड सीमा पर स्थित सरंडा जंगल गुरुवार शाम फिर से गोलियों की गूंज से दहल उठा। सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच जरेइकेला थाना क्षेत्र में दोपहर 3 से 4 बजे के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हुई।

सूत्रों के अनुसार माओवादियों ने सुरक्षा बलों को देखते ही अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलियों की जबरदस्त बौछार होती रही। पुलिस को आशंका है कि कई माओवादी घायल हुए हैं, जबकि एक माओवादी के मारे जाने की सूचना मिली हैए हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। मुठभेड़ के बाद माओवादी घने जंगलों की ओर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से दो एस एल आर और एक 303 राइफल बरामद की है। डीआईजी ने बताया कि मुठभेड़ की पुष्टि हो चुकी है और इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन जारी है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पूरी निगरानी रखी जा सके।

# शहीद नंदकुमार पटेल को नमन करने शांति बगिया में पहुंचे स्नेहीजन

**नंदेली।** पूर्व गृहमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शहीद नंदकुमार पटेल की जन्मजयंती पर क्षेत्र में नमन किया गया। शनिवार को शांति बगिया समाधि स्थल नंदेली में श्रद्धांजलि अर्पित करने स्नेहीजन ने अपने शहीद नेता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

■ खरसिया रायगढ़ के अनाथालय, कुष्ट आश्रम और वृद्धाश्रम में लगा विशाल भंडारा

इस विशेष अवसर पर उनके पुत्र, खरसिया विधायक उमेश पटेल ने अपने पिता के प्रति सम्मान और आदर के भाव व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। शांति बगिया पर नंदेली के मानस प्रेमियों द्वारा सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया। तत्पश्चात खरसिया, मदनपुर



कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उमेश पटेल ने अपने पिता की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उमेश पटेल ने अपने संबोधन में भावुक होकर कहाए श्मेरे पिता ने मुझे संघर्ष और सेवा की प्रेरणा दी है। उनका मानना था कि एक जनप्रतिनिधि को सदैव जनता की सेवा में तत्पर रहना चाहिए। उनके आदर्शों पर चलते हुएए मैं जनता के अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखूंगा। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी शहीद नंदकुमार पटेल द्वारा खरसिया विधानसभा क्षेत्र के विकास में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। दो मिनट का मौन रखकर शहीद नेता की स्मृति को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान उमेश पटेल ने ठुसेकेला के बारातोरहीन दाई चौक पहुंचकर अपने पिता और शहीद भाई दिनेश पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।ए इसके बाद रेस्ट हाऊस स्थित शहीद स्मारक स्थल पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती के उपलक्ष्य में खरसिया कांग्रेस परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कियाए जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रमों के इस क्रम ने खरसिया में एकजुटता और सम्मान की अनूठी छवि प्रस्तुत कीए जिसमें क्षेत्रीय जनता की भावनाएं शहीद नंदकुमार पटेल के प्रति उनके अपार सम्मान को दर्शाती हैं। शहीद नंदकुमार पटेल की जयंती पर आयोजित ये कार्यक्रम केवल एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को जीवित रखने का संकल्प भी है। इसके पश्चात रायगढ़ के अनाथालय में घनश्याम पटेल एवं मनोज पटेलए डोंगीतराई के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया तथा कुष्ट आश्रम एवं वृद्धाश्रम में कन्हैया पटेल बालमगोड़ा के द्वारा विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया।

# भाजपा नेता अग्रवाल के बेटे पर हमला

**राउरकेला।** पानपोष निवासी भाजपा नेता के एक हाथ से दिव्यांग पुत्र व युवा व्यवसायी 34 वर्षीय सुमित अग्रवाल पर प्राण घातक हमला हुआ। वेदव्यास के सरदार गली हार्ड उनकी हार्ड वेयर की दुकान में सुमित पर बुधवार 5 नवंबर को जानलेवा हमला किया किया। सुमित एक हाथ से दिव्यांग है, जिससे उसने बचाव भी नहीं कर पाया। वारदात में आरोपी संदीप चौधरी को तो पकड़ लिया गया लेकिन पुलिस यह पता लगाने में विफल है की आखिर हमला क्यों किया। भाजपा नेता रमेश अग्रवाल ने क्षोभ जताते हुए इस हमले के पीछे गहरी साजिश की अशंका जताई और मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की। घटना के दिन गंभीर रूप से घायल युवा व्यवसायी सुमित को स्थानीय लोगों की मदद से पहले सिविल के भेषेज पटेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालात गंभीर होने से उसे ऑपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे आई सी यू में इलाज चल रहा है, उसके सिर में 18 टांके लगे है।



■ पहले चाकू से फिर हथौड़े से सिर पर किया वार

घटना वेदव्यास थाना क्षेत्र सरदार मोहल्ला के प्रवेश मार्ग की है। जानकारी के अनुसार, हार्डवेयर दुकानदार पानपोष निवासी भाजपा नेता रमेश अग्रवाल के पुत्र सुमित अग्रवाल अपनी दुकान में काउंटर पर बैठे थे। तभी बगल में पंचर की दुकान चलाने वाले लुंगाई निवासी संजय चौधरी के 22 वर्षीय बेटे संदीप चौधरी वहां पहुंचा और बिना किसी कारण सुमित से गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने साथ लाया चाकू से तथा बाद मे हथौड़ा से सुमित के सिर पर ताबड़ तोड़ वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले से सुमित लहूलुहान होकर नीचे गिर गया।

घटना के बाद आरोपी संदीप चौधरी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बाद में उसे पकड़ कर जेल भेज दिया गया। हमले का वीडियो सामने आया है जो ह्रदय विदार क है। हमले के कारण सामने नहीं आने से तरह तरह को आशंका जताई जा रही है। ब्राह्मणिंतरंग पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच सबूत एकत्र करने के साथ आरोपी से हमले प्रयुक्त हथौड़ा व चाकू जब्त किया है।

# वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर देशभक्ति से ओत प्रोत हुआ सरिया



**सरिया।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं एवं भारत स्काउट गाइड स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना एवं समस्त अतिथियों के साथ सामूहिक रूप से मातृभूमि के प्रति प्रेम व श्रद्धा से ओत प्रोत होकर वंदे मातरम का गायन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ अभिलाषा नायक विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सरिया कमलेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी, शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षद भुवन अग्रवाल, किसन इजारदार की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों को स्कॉर्फ पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। तत्पश्चात समय लाल काठे द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का इतिहास एवं हिंदी में अनुवाद किया जिससे प्रांगण भक्ति मय हो गया। स्काउट दल नायक सुंदरलाल सिदार द्वारा भारत स्काउट गाइड की स्थापना का वर्णन किया। विशिष्ट अतिथि कमलेश अग्रवाल द्वारा ऊर्जावान वक्तव्य से पूरी माहौल को देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत कर दिया। मुख्य अतिथि डॉक्टर अभिलाषा नायक द्वारा राष्ट्रगीत की पूरी इतिहास के बारे में वर्णन कर विशिष्ट जानकारी प्रदान किया। अंत में प्राचार्य ई तिर्की द्वारा समस्त अतिथियों के आगमन पर धन्यवाद सह आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशिष्ट सहयोग रहा एनएसएस अधिकारी उदय सिंह मालाकार, निरंजन चौधरी के एन बारीक, आर एस राठौर, भुवनेश्वर सिंह तंवर, सुदर्शन पटेल, जे के सिदार, किशन चौधरी, लिंगराज चौधरी, महावीर ध्रुव चंद्रशेखर साहा वरिष्ठ व्याख्याता सी सोरेंग, ममता कर, बरखा जायसवाल, अर्चना राजभानु, धनेश्वरी कंवर, ज्योति पटेल एवं अजय बारिक के विशिष्ट सहयोग से हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

**रायगढ़।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग के समस्त सेक्टर प्रभारियों की विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण, किशोरी बालिका स्वास्थ्य एवं चिरायु, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय वयोवद्ध स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बधरिता रोकथाम नियंत्रण कार्यक्रम, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय एनसीडी कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम बीमारी रोकथाम, राज्य नोडल एजेंसी तथा आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय कैंसर मुख, सर्वाईकल, ब्रेस्ट, ह्दयरोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्क निर्देश दिए गए। समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कर शत प्रतिशत पोर्टल में एण्ट्री करने के निर्देश दिए गए एवं हाई रिक्स गर्भवती माताओं की संभावित तिथि की सूची बनाकर काउसलिंग करते हुए होम विजिट करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. विवेक उपध्याय द्वारा समस्त विकासखंड के 10 मुख एवं दन्त रोग चिकित्सक, स्कूल शिक्षा विभाग से चयनित 40 प्रतिभागी शिक्षकगण को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया।

# ओडिशा पुलिस ने किया साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**राउरकेला।** सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के गोपबंधु सभागार में ओडिशा पुलिस द्वारा 6 नवंबर को एक साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए ताकि कर्मचारी और उनके ज़रिए पूर्व कर्मचारियों को जागरूक किया जा सके।

इस मौके पर कार्यपालक निदेशक एम् डी सीएम्एलओ बी के गिरि, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन, अनिल कुमार और आईपीएस पुलिस अधीक्षक, राउरकेला नितेश वाधवानी मंच पर मौजूद थे। इस कार्यक्रम का मकसद सयंत्र के कर्मचारियों को साइबर स्पेस में बढ़ती चुनौतियों और डिजिटल सुरक्षा और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के सबसे अच्छे तरीकों के बारे में जागरूक करना



था। इस सेशन में आरएसपी के अलग अलग विभागों के कई कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। भाग लेने वालों को संबोधित करते हुए वाधवानी ने ओडिशा पुलिस द्वारा संभाले गए वास्तविक जीवन के साइबर अपराध मामलों से बहुमूल्य जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे त्वरित रिपोर्टिंग, ज़िम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने से साइबर अपराधों को रोका जा सकता है और उनके प्रभाव को कम किया जा सकता है। इस मौके पर बोलते हुए श्री गिरि ने साइबर हमलों के बढ़ते खतरे पर ज़ोर दिया और व्यक्तिगत जागरूकता और संगठनात्मक तैयारी के महत्व पर बल दिया। अनिल कुमार ने अपने संबोधन में इस पहल की सराहना की और डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा के लिए लगातार सीखने और जागरूकता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इससे पहले मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एवं सीएसआर टीजी कानेकर ने स्वागत भाषण दिया, जिससे दिन की कार्यवाही की शुरुआत हुई। ओडिशा पुलिस के विशेषज्ञों ने केस स्टडी के साथ साइबर सुरक्षा पर एक प्रेजेंटेशन दियाए जिसमें विभिन्न संभावित साइबर खतरों और उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS, BILASPUR (C.G.)
LCIT SCHOOL OF PHARMACY II LCIT COLLEGE OF PHARMACY
lcitsop.edu.in Near High Court Raipur Road, Bilaspur, Chhattisgarh lcitcop.edu.in
FOR ENQUIRY
APPROVED BY
Institution's Innovation Council | Virtual Labs | National Digital Library of India
Choose The Best
CHOOSE LCIT
ADMISSION OPEN 2025-26
PHARMACY
D. Pharmacy
B. Pharmacy
M. Pharmacy
Pharmaceutics
9340512388
"Golden opportunity for 12th pass (PCM/PCB) students: Admissions open for Diploma in Pharmacy"


2nd Phase Pharmacy College Level Online Counselling Schedule

| Course | Phase | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|---|
| B.Pharmacy, B.Pharmacy (Lateral) | Phase-II | 07/11/2025 to 10/11/2025 | 15/11/2025 | 16/11/2025 to 19/11/2025 |
| D.Pharmacy, M.Pharmacy | College Level Counseling | 21/11/2025 to 25/11/2025 | - | 01/12/2025 to 05/12/2025 |

Details of Management Quota Seats for 2025-26

| Course | No. of Management Quota Seats Available |
|---|---|
| D.Pharmacy | 09 Seats |
| B.Pharmacy | 15 Seats |
| M.Pharmacy | 01 Seat |

Best Placements in the Region
From Campus to Corporate, your journey starts here.
60% Overall Placement Rate
100% Student Satisfaction
Library with e-journals & Digital Resources
Placement Cell for Job Opportunities
MOU's with Pharma Companies
Well-equipped Laboratories
8 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE
Placement Stars of the Year
Shivaji Rao Bhonsle, Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Khushboo Agrawal, Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Saket Ruben Chand, Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd, B. Pharmacy
Khushi Gupta, Company Name:- SGS Technologies/Intellipaat, B. Pharmacy
Neeraj Soni, Company Name:- Apollo Pharmacy, B. Pharmacy
Tomesh Shrivas, Company Name:- Cadila Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Nikhil Vaishnav, Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Sandhya Kumari, Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Bharti Shrivas, Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd, B. Pharmacy
Kishan Barekar, Company Name:- Mark Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Avinash Pal, Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Ritik Rajak, Company Name:- Biogen Serums Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Aakash Kaushik, Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Prakhar Pandey, Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Hitendra Patel, Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd, B. Pharmacy
Ritika Thakur, Company Name:- AIDER Healthcare Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Bhavan Singh, Company Name:- Collabera Technologies Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Niranjan Bhagat, Company Name:- Zydus Healthcare Ltd., B. Pharmacy
Trusted Partnerships with:
Fitwel Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ahmedabad Gujarat II GOA- Center for Excellence in Intellectual Property, Panaji, Goa
Pratham Hospital, Bilaspur II Mark Hospital Bilaspur II IMAEC Medntec Ltd. Pune II Life Care Hospital, Bilaspur
Shri Govind Institute of Life Care Hospital, Bilaspur.
Admission Enquiry +91 9340512388, +91 7440217555




# पृथ्वीराज एसएसएमबी 29 में कुम्भा के किरदार में आएंगे नजर

**मुंबई।** एसएस राजामौली की मच अवेटेड आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अब अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक सामने आया है। साथ ही मेकर्स ने उनके किरदार के नाम की भी घोषणा कर दी है। मेकर्स ने शुक्रवार को पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक रिवील किया है। फिल्म की अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन एक व्हील चेयर जैसी एक कुर्सी पर बैठे हैं, जो एक रोबोट मालूम पड़ती है। क्योंकि इसके पीछे से रोबोट की तरह हाथ निकले हुए हैं। पृथ्वीराज इस कुर्सी पर काले रंग का सूट पहने हुए बैठे हैं। वो कैमरे की ओर काफी गुस्से से देख रहे हैं। उनको देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे वो पैरालाइज्ड हैं। इसके साथ ही उनके किरदार का नाम भी सामने आया है। उनके किरदार का नाम 'कुम्भा' है। इसको शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा है, 'उठिए और कुम्भा' से मिलिए।

लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी का पहला गाना चिकिरी-चिकिरी रिलीज



संगीतकार एआर रहमान और गायक मोहित चौहान द्वारा तैयार किया गया गाना 'चिकिरी-चिकिरी' रिलीज हो गया है। यह सॉन्ग राम चरण और जान्हवी कपूरी की आगामी फिल्म पेद्दी का है। इसमें अभिनेता के अनोखे डांस और जान्हवी कपूर के ठुमके दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'चिकिरी चिकिरी' गाने के वीडियो में साउथ अभिनेता राम चरण को शानदार हुक स्टेप करते हुए देखा जा सकता है। एक्टर के लंबे बाल, दाढ़ी और अलबेले डांस स्टेप्स दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। इस गाने में जान्हवी कपूर की बात की जाए तो वो बिल्कुल बेफिक्र अंदाज में दिख रही हैं। उनके डांस मूव्स नेटिजंस को आकर्षित कर रहे हैं। 'चिकिरी चिकिरी' गाने में एआर रहमान ने संगीत दिया है। वहीं इसे आवाज दी है मोहित चौहान ने। गायक के सुरीली आवाज ने इस गाने को और भी खास बना दिया है, जिससे ये एक बेहतरीन म्यूजिकल ट्रैक बन गया है। यह फिल्म 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को सभी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

'पेद्दी' में राम चरण और जान्हवी कपूर के अलावा दिव्येंदु शर्मा, शिव राजकुमार और जगपति बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बुचि बाबू सना द्वारा किया जा रहा है। वहीं इस फिल्म का निर्माण सुकुमार राइटिंग्स, मैत्री मूवी मेकर्स और टी-सीरीज द्वारा हो रहा है। वहीं इसे वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले संयुक्त रूप से तैयार किया जा रहा है। फिल्म में ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान संगीत तैयार कर रहे हैं, रत्नवेलु छायांकन, कोल्ला अविनाश कला निर्देशन और नवीन नूली संपादन का काम संभाल रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एआई की वजह से एग्जाम में हो गई फेल

**लॉस एंजिल्स।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) का क्रेज समय-समय के साथ-साथ बढ़ता जा रहा है। ऑफिस के काम करने से लेकर पढ़ाई करने तक, कई कामों में यह काफी उपयोगी है। हालांकि, रियलिटी स्टार किम कार्दशियन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जो लोगों को हैरान कर रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे चैटजीपीटी ने उन्हें लॉ की पढ़ाई के दौरान टेस्ट में फेल करवाया। किम ने बताया है कि वह लीगल सलाह के लिए ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी का इस्तेमाल करती हैं। वह अक्सर कानूनी सवालों की तस्वीरें खींचकर चैटजीपीटी पर अपलोड करती हैं। हालांकि, इसके बाद भी चैटजीपीटी उनका भरोसेमंद स्टडी पार्टनर साबित नहीं हुआ।



# 'किंग ऑफ पॉप' की बायोपिक माइकल का टीजर रिलीज

लॉस एंजिल्स। 'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन का कॅरियर भले ही विवादों से घिरा रहा हो, लेकिन इतना तो जरूर है कि दुनिया में उन जैसा ना कोई था, ना कोई है और ना ही कभी कोई होगा। 29 अगस्त 1958 में पैदा हुए माइकल की 25 जून 2009 को 50 साल की उम्र में मौत हो गई। अब निधन के 16 साल बाद माइकल जैक्सन पर बायोपिक आ रही है, नाम है 'माइकल', जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन इस फिल्म में अपने चाचा 'किंग ऑफ पॉप' का किरदार निभा रहे हैं। माइकल जैक्सन की यह बायोपिक अगले साल 2026 में रिलीज होने वाली है। 29 साल के जाफर जैक्सन खुद भी एक सिंगर, डांसर और एक्टर हैं। वह माइकल जैक्सन के भाई जर्मेन जैक्सन के बेटे हैं। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक रिकॉर्डिंग बूथ से होती है, जहां हमें युवा माइकल दिखते हैं। एक आवाज उनसे कहती है, 'मुझे पता है कि आप इसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।' 'माइकल' फिल्म में माइल्स टेलर, वकील जॉन ब्रैंका की भूमिका निभा रहे हैं। पिछले दिनों एंडी कोहेन के टॉक शो में उन्होंने स्वीकार किया कि बचपन में वे माइकल के 'बहुत बड़े फैन' थे।



# चार साल बाद रूसी फिल्म से करेंगी वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बत्रा अब बॉलीवुड नहीं, बल्कि एक रूसी फिल्म से कमबैक कर रही हैं। शुक्रवार को पूजा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' की खास झलक शेयर की है। पूजा ने अपनी नई रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' के सेट से कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनने की खुशी जताई और कहा कि कला और फिल्मों की कोई सीमा नहीं होती। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा कि इस प्रोजेक्ट में काम करके उन्हें बहुत मजा आया। पूजा ने फिल्म निर्माता जो राजन के साथ मिलकर एक अंग्रेजी लघु फिल्म 'इकोज ऑफ अस' भी बनाई है। यह फिल्म प्रेम, दुख और मानवीय रिश्तों की कहानी है, जिसमें कथित तौर पर सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर हैं। यह यूलिया की पहली फिल्म है।



# 42 साल की उम्र में दिया बेटे को जन्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल में से एक कटरीना कैफ और विक्की कौशल अब माता-पिता बन गए हैं। कटरीना ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है, जो बेटा है। खुद कपल ने अपने चाहने वालों के साथ इस गुड न्यूज को शेयर किया है। विक्की कौशल और 42 वर्षीय कटरीना ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक ग्रीटिंग कार्ड सा है, जिस पर एक बच्चा बना हुआ है और बड़ा सा बेबी बॉय लिखा हुआ है। इस पर लिखा है, 'हमारी झोली खुशियों से भर गई है। बड़े प्यार और दुलार से हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं।' इसके साथ ही विक्की कौशल ने कैप्शन में सिर्फ ब्लेस्ड लिखकर रेड हार्ट इमोजी और ओम बनाया है। कटरीना कैफ ने 23 सितंबर 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी।

## टीवी मसाला



# 12.50 लाख के सवाल पर अटकी कंटेस्टेंट 2 लाइफ लाइन भी नहीं आई काम

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 6 नवंबर के एपिसोड में महाराष्ट्र की कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। वे स्टेट लेवल का ब्यूटी कॉन्टेस्ट जीत चुकी हैं। उन्होंने नेशनल लेवल पर अपने राज्य को रीप्रेजेंट भी किया है। अमिताभ बच्चन भी उनकी प्रतिभा से इंप्रेस नजर आए। उन्होंने शुरुआती 10 सवालों के जवाब देने के लिए सिर्फ एक लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए के 10वें सवाल पर किसी लाइफ लाइन का इस्तेमाल नहीं किया था। सवाल है- 'प्रथम खो को विश्व कप 2025 के फाइनल में, भारतीय पुरुष और महिला, दोनों टीमों ने किस टीम को हराकर अपना-अपना खिताब जीता?' विकल्प हैं- ए. नेपाल बी. केन्या सी. ऑस्ट्रेलिया डी. ईरान। उन्होंने विकल्प ए. नेपाल को चुना, जो सही है। कंटेस्टेंट से अमिताभ ने 12.50 लाख रुपए का सवाल किया, जो स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है। सवाल है- 'किस स्वतंत्रता सेनानी की मृत्यु स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के लिए एक बम का परीक्षण करते समय हुई थी?' विकल्प हैं- ए. भगवती चरण वोहरा बी. सचिंद्र नाथ सान्याल सी. राजेंद्र लाहिरी, डी. सचिंद्र बक्षी। कंटेस्टेंट ने जवाब देने के लिए अपनी दोनों लाइफ लाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा। हालांकि, उन्होंने विकल्प सी. राजेंद्र लाहिरी पर ताला लगाने के कहा, जो गलत साबित हुआ। इसका सही जवाब विकल्प ए. भगवती चरण वोहरा है। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं।

## इस वीकेंड बनेगा एक्शन, थ्रिल और ड्रामा से खास

नई दिल्ली। वीकेंड नजदीक आते ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नई कंटेंट की बौछार हो गई है। राजनीतिक ड्रामा से सुपरहीरो एक्शन, रोमांस से फैमिली ड्रामा तक... इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जीयोहॉटस्टार, सोनी लिव और जी5 जैसी सर्विसेज पर वैरायटी से भरपूर रिलीज आ रही हैं। मार्वल के 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' से लेकर ह्यूमा कुरैशी की 'महारानी सीजन 4' तक, ये कलेक्शन बिंज-वॉचिंग मूड को परफेक्टली सूट करेंगे। हुमा कुरैशी 'रानी भारती' के रोल में लौट गई हैं। सोनी लिव 'महारानी सीजन 4' आ गया है। 90s की घटनाओं पर बेस्ड यह पॉलिटिकल थ्रिलर में रानी प्रधानमंत्री को चैलेंज करती है, बिहार की सत्ता हासिल करने के लिए स्ट्रैटेजी अपनाती है। द फैंटास्टिक फोर- फर्स्ट स्टेप्सः बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली मार्वल की यह फिल्म अब डिजिटल पर आ गई। पेड्रो पास्कल और वैनसा किर्बी स्टारर में चार हीरोज, रीड रिचर्ड्स, सू स्टॉर्म, जॉनी स्टॉर्म और बेन ग्रिम गैलेक्टस नामक बुरे एलियन से धरती बचाते हैं। नेटफ्लिक्स 7 नवंबर को जैकब एलोर्डी और ऑस्कर आइजैक स्टारर फिल्म 'फ्रैंकनस्टीन' लॉन्च हो गया है।




# प्रसिद्ध मॉडल, एक्ट्रेस और इंटीरियर डिजाइनर थीं जरीन

**मुंबई।** संजय खान की पत्नी जरीन कटरक का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं। शुक्रवार की सुबह मुंबई स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जरीन के परिवार में उनके पति और बच्चे सुजैन खान, सिमोन अरोड़ा, फराह अली खान और जायेद खान हैं। वो ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान की मां थीं। जरीन हिंदी फिल्मों में भी दिखाई दीं, जिनमें तेरे घर के सामने (1963) जैसी फिल्में शामिल थीं, जहां उन्होंने देव आनंद के साथ काम किया था। जरीन कटरक एक प्रसिद्ध मॉडल, एक्ट्रेस और इंटीरियर डिजाइनर थीं जिन्होंने 1960 और 1970 के दशक में अपनी पहचान बनाई। अपनी सुंदरता और संतुलन के लिए जानी जाने वाली, वह उन शुरुआती चेहरों में से एक थीं जिन्होंने भारत के फैशन को आकार देने में मदद की। जरीन हिंदी फिल्मों में भी दिखाई दीं, जिनमें तेरे घर के सामने (1963) जैसी फ़िल्में शामिल थीं, जहां उन्होंने देव आनंद के साथ काम किया था। हालांकि, संजय खान से अपनी शादी के लिए भी वो जानी जाती थीं।



### जरीन और संजय खान की शादी

दोनों ने 1960 में शादी कर ली और बॉलीवुड में सबसे ग्लैमरस जोड़ियों में से एक बन गए। अपने जीवन की चकाचौंध के बावजूद, जरीन ज़्यादातर लाइमलाइट से दूर रहीं और अपने परिवार और घर पर ध्यान दिया। वह सुजैन खान, जायेद खान और फैशन डिजाइनर फराह खान अली की मां भी हैं। सार्वजनिक पहचान से परे, जरीन को उनकी सुंदरता, कला और बिजनेस के बीच शालीनता बनाए रखने के लिए भी सराहा गया।

### सुजैन खान ने मां को किया विश

2021 में, सुजैन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी मां के जन्मदिन पर उनके साथ तस्वीरें शेयर कीं। सुजैन ने लिखा, 'मजबूत महिलाएं पीड़ित नहीं बनतीं, वे खुद को दयनीय नहीं दिखातीं। उनके दिलों में तूफान आ सकता है, फिर भी उनकी मुस्कान प्यार और क्षमा से भरी होती है। बात यह है कि वे जीवन से बेहद प्यार करती हैं और समझती हैं कि शिकायत करने लायक कुछ भी नहीं है। मेरी मम्मी, आप शालीनता और शक्ति की प्रतिमूर्ति हैं। मैं आपकी बहुत आभारी हूं। जन्मदिन मुबारक हो मां, आप मेरी सबसे पसंदीदा इंसान हैं। हमने यह सब आपसे सीखा है।'

# द फैमिली मैन 3 का ट्रेलर देख उत्साहित हुए फैंस

**मुंबई।** श्रीकांत तिवारी वापस आ रहे हैं। मनोज बाजपेयी की लोकप्रिय और सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। एक बार फिर श्रीकांत तिवारी अपनी टीम के साथ एक नए मिशन पर निकले हैं। हालांकि, इस बार कहानी में कई ट्विस्ट और नए एंगल देखने को मिलेंगे। फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। द फैमिली मैन' राज और डीके द्वारा निर्मित व निर्देशित है। यह 21 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगा। एक यूजर ने 'द फैमिली मैन 3' के ट्रेलर की तारीफ की है। यूजर ने कहा कि 'द फैमिली मैन' इकलौती भारतीय सीरीज है, जिसने कभी निराश नहीं किया। एक अन्य यूजर ने नए सीजन की कास्ट की तारीफ करते हुए लिखा कि इस बार सीरीज और भी बड़े स्तर पर नजर आ रही है। जयदीप अहलावत और मनोज बाजपेयी की टक्कर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कुछ नेटिजेंस ने सीजन 3 को पिछले दोनों सीजन से बड़ा और अधिक खतरनाक बताया है। दर्शकों का कहना है कि यह सीजन सबसे अलग होने वाला है। मनोज बाजपेयी को देखकर दर्शक उत्साहित हैं और उनके काम की तारीफ कर रहे हैं।



## बंकिमचंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम गीत की रचना 7 नवंबर 1875 को की थी

# इन फिल्मों में अलग-अलग अंदाज में सुनाई दिया राष्ट्रगीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। 7 नवंबर को देशभर में इसका जश्न मनाया गया। इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने 1875 में 7 नवंबर को अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर की थी। यह गीत चटर्जी के उपन्यास आनंदमठ में पहली बार दिखाई दिया था। कई चर्चित फिल्मों में भी 'राष्ट्रीय गीत' अलग-अलग अंदाज में सुनने को मिला है।

### आनंद मठ

आमतौर पर देशभक्ति फिल्मों या किसी फिल्म के देशभक्ति वाले दृश्यों को फिल्माते वक्त राष्ट्र गीत वंदे मातरम को बैकग्राउंड में बजाया जाता रहा है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम को लिखा, जिसके बाद इसमें धीरे-धीरे बदलाव देखा गया। बदलाव की यह शुरुआत बॉलीवुड में भी समय के साथ देखी गई। सबसे पहले 'वंदे मातरम' गीत को साल 1952 में आई फिल्म 'आनंद मठ' में लता मंगेशकर ने गाया, जिसकी धुन को एक नए धागे में हेमंत कुमार ने पिरोया।

### कभी खुशी कभी गम

शाहरुख खान, ऋतिक रोशन, काजोल, करीना कपूर, अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, रानी मुखर्जी अभिनीत यूं तो यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, मगर इसमें भी 'वंदे मातरम' गीत सुनाई दिया। यह गाना ऐसे पल पर सुनने को मिला कि दर्शक न सिर्फ भावुक हो गए, बल्कि देशभक्ति की भावना उमड़ उठी। इस फिल्म में उषा उत्थुप और कविता कृष्णमूर्ति ने यह गीत गाया।



### फाइटर

ऋतिक रोशन, अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म 'फाइटर' में भी 'द फाइटर एंथम' के रूप में वंदे मातरम सुनने को मिला। यह एक देशभक्ति एक्शन फिल्म है।

### मां तुझे सलाम

साल 1997 में ए.आर. रहमान के प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से लोकप्रिय गैर-फिल्मी एल्बम ट्रैक में 'वंदे मातरम' टाइटल ट्रैक के रूप में पेश किया गया।

### ऑपरेशन वैलेंटाइन

मानुषी छिल्ली और वरुण तेज अभिनीत यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया 'वंदे मातरम' गीत सुनने को मिला। इसके अलावा साल 2019 में आई 'इंडियाज मोस्ट वॉन्टेड' फिल्म में भी राष्ट्रगीत बजा। पापोन, अल्तमश फरीदी और अमित त्रिवेदी द्वारा गाए गए गीत का वर्जन शामिल किया गया।

### सलाकार

इसी साल आई हिंदी जासूसी फिल्म 'सलाकार' में भी 'वंदे मातरम' काफी अलग लेकिन रोचक अंदाज में सुनने को मिला। सूर्य शर्मा, नवीन कस्तूरिया और मौनी रॉय अभिनीत यह फिल्म अगस्त में रिलीज हुई थी।

### एबीसीडी 2

साल 2015 में आई इस फिल्म में 'वंदे मातरम' को इसके साउंडट्रैक में शामिल किया गया। इसे काफी अलग, लेकिन दिलचस्प अंदाज में पेश किया गया है।

### ऑपरेशन वैलेंटाइन

मानुषी छिल्ली और वरुण तेज अभिनीत यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया 'वंदे मातरम' गीत सुनने को मिला। इसके अलावा साल 2019 में आई 'इंडियाज मोस्ट वॉन्टेड' फिल्म में भी राष्ट्रगीत बजा। पापोन, अल्तमश फरीदी और अमित त्रिवेदी द्वारा गाए गए गीत का वर्जन शामिल किया गया।

### रोमियो अकबर वाल्टर

साल 2019 में आई जॉन अब्राहम अभिनीत इस फिल्म में 'वंदे मातरम' को सोनू निगम ने सुरीली आवाज में गाया। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में राष्ट्र गीत के इस वर्जन को बतौर साउंडट्रैक इस्तेमाल किया गया।

### वंदे मातरम फिल्म

साल 1985 में राष्ट्रीय गीत के नाम पर एक तेलुगु फिल्म बनाई गई। टी. कृष्णा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विजयशांति और डॉ. राजशेखर लीड रोल में नजर आए।

